# डिजिटल डिग्री वेरिफिकेशन सार्थक पहल : पटेल

## राज्यपाल ने किया बीयू के दस्तावेज वेरिफिकेशन पोर्टल का शुभारंभ

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 नवंबर. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि डिजिटल डिग्री वेरिफिकेशन पोर्टल उच्च शिक्षा की बेहतरी की दिशा में ऐतिहासिक क़दम है. पोर्टल, विद्यार्थी हित की सार्थक पहल है. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों में तकनीकी नवाचार से विद्यार्थियों को वेरिफिकेशन की जटिल प्रक्रिया से राहत मिलेगी.**

रोज़गार और प्लेसमेंट आदि ज़रूरी प्रक्रियाएं सुरक्षित रूप में सरलता और शीघ्रता से हो सकेगी. उन्होंने पोर्टल के माध्यम से डिग्री वेरिफ़िकेशन प्रक्रिया को समझा. स्वयं रेंडम परीक्षण किया. राज्यपाल पटेल ने गुरुवार को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के डिजिटल डिग्री वेरिफिकेशन पोर्टल का वन क्लिक से शुभारंभ किया. कार्यक्रम का आयोजन राजभवन में किया गया था.



कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर एसके जैन सहित अधिकारी, शिक्षक, तकनीकी विशेषज्ञ और इंजीनियर उपस्थित रहे. कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलगुरु प्रोफेसर जैन ने सॉफ्टवेयर की विशेषताओं का विस्तार से उल्लेख किया. उन्होंने बताया कि इस अत्याधुनिक डिजिटल सुविधा से विद्यार्थियों के समय और धन दोनों की बचत होगी. साथ ही दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी.

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा से छात्र हित को प्राथमिकता देते हुए नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रयासरत रहा है. कुलगुरु ने राज्यपाल पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजभवन निरंतर विश्वविद्यालय को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करता रहा है.

> राज्यपाल पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा डिजिलॉकर और अन्य डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की. उन्होंने कुलगुरु प्रोफेसर एस के जैन, विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों और छात्रों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा ग्रीन कैंपस, जैव विविधता, योग और कम्प्यूटर सेंटर जैसे विषयों पर किए जा रहे कार्यों की भी चर्चा हुई. कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलगुरु जैन ने राज्यपाल का बुके और अंग वस्त्र से स्वागत किया. कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारी, विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य और सॉफ्टवेयर विकसित करने वाले इंजीनियर मौजूद रहे.

# डॉ. मल्होत्रा ने सिखाया ध्यान केंद्रित करना

▶ एम्स भुवनेश्वर में किया कार्यशाला का नेतृत्व

**भोपाल, 20 नवंबर. एम्स भुवनेश्वर में 'फ्रॉम स्टिलनेस टू स्ट्रेंथ: हठ योग, हार्टफुलनेस एंड इनर अवेयरनेस' विषय पर आयोजित कार्यशाला का नेतृत्व एम्स भोपाल के शरीरक्रिया विज्ञान विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा ने किया.**



इस कार्यशाला में चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को योग, ध्यान और स्वास्थ्य के वैज्ञानिक संबंधों को सरल और अनुभवात्मक तरीके से समझने का अवसर मिला. कार्यक्रम को तीन चरणों में बांटा गया, जिनमें अलग-अलग विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया.

पहले सत्र में डॉ. मल्होत्रा ने मार्गदर्शित ध्यान, कॉस्मिक चैंटिंग और हीलिंग प्रार्थनाओं के माध्यम से मानसिक शांति और ध्यान केंद्रित करने की तकनीकों को सिखाया. उन्होंने बताया कि कैसे ध्यान मन की उतार-चढ़ाव को शांत कर भावनात्मक स्थिरता और स्पष्टता प्रदान करता है. दूसरे सत्र में एम्स बीबीनगर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वंदना एस. दौलताबाद ने यंत्रा फ्रेमवर्क के आधार पर प्रतिभागियों को प्रकृति, पंचक्लेश और गुणों की समझ कराई. इस सत्र में प्रतिभागियों ने व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी मानसिक और शारीरिक प्रकृति को पहचानकर व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधार रणनीतियाँ विकसित करना सीखा.

तीसरे सत्र में सिक्किम मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की डॉ. सुप्रभा शर्मा ने चेयर योग के माध्यम से यह बताया कि योग हर आयु और परिस्थिति में संभव है.

## एक नजर में




### बुजुर्गों को मिलेगा घर जैसा आशियाना

**भोपाल, 20 नवंबर.** आर्यिका सृष्टि भूषण माता जी के सानिध्य में विदिशा रोड स्थित श्री त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर में 23 नवंबर रविवार को 'सृष्टि मंगलम निजाश्रय' का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है. सृष्टि मंगलम सेवा समिति एवं सकल दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल कोठारी करेंगे. कार्यक्रम का संचालन संजय जैन (मुंगावली) करेंगे. पदाधिकारियों के मुताबिक 'निजाश्रय' का मुख्य उद्देश्य वृद्ध साधकों की सेवा करना है. यहां वृद्धजनों के लिए आवास की उत्तम व्यवस्था, शुद्ध भोजन और संपूर्ण चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी.



### 70 युवाओं को सोलर एनर्जी का प्रशिक्षण

**भोपाल, 20 नवंबर.** राष्ट्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार निसबड संस्थान के द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत गोविंदपुरा आईटीआई में 9 दिवसीय सोलर एनर्जी एडवांस्ड प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 70 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के समापन पर मुख्य अतिथि रवि चतुर्वेदी स्टेट कोऑर्डिनेटर अमृत योजना एवं म. प्र.राज्य पुनर्गठन आयोग के सलाहकार विक्रम सिंह, राजेश साहू, राजा यादव, एवं गोविंदपुरा आईटीआई वाइस प्रिंसिपल विलास नागदोने द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया. निसबड से रिचा सिकरवार ने बताया कि आने वाले समय में इस प्रकार की और भी ट्रेनिंग प्रतिभागियों को उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे कि रोजगार के अवसर बढ़ेंगे. यूनिक सोशल एजुकेशनल कमेटी के कोषाध्यक्ष मनोज पाराशर एवं सहयोग वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा एवं सोनम साहू, संगीता शुक्ला और सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे.

### भौतिक चिकित्सक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**भोपाल, 20 नवंबर.** भौतिक चिकित्सक कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने मध्यप्रदेश में नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन्स एक्ट 2021 पूर्ण रूप से लागू कराने और स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन्स काउंसिल को शीघ्र ही प्रारंभ कराने की मांग की है. डॉ. पाण्डेय ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि फिजियोथेरेपी एक स्वतंत्र चिकित्सा पद्धति है, जो बिना किसी दवा के उपचार एक प्रभावी चिकित्सा प्रणाली के रूप में देशभर में मान्यता प्राप्त है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पारित नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन्स एक्ट भारत के सभी स्वास्थ्य पेशेवरों, विशेषकर भौतिक चिकित्सकों (फिजियोथेरेपिस्टों) के हित में एक ऐतिहासिक कदम है. किंतु यह अधिनियम अभी तक मध्यप्रदेश में पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है. यदि यह अधिनियम मध्यप्रदेश में पूरी तरह से लागू किया जाए तो सभी भौतिक चिकित्सकों को उनका वैधानिक अधिकारी और सम्मान प्राप्त होगा.


# स्मार्ट मीटर लगवाएं, 20% छूट का लाभ उठाएं

**04** लाख 33 हजार से अधिक लग चुके हैं स्मार्ट मीटर

**09** से शाम 5 बजे तक दिन की खपत पर मिलेगा लाभ

**बैरसिया, 20 नवंबर. मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रही है. इधर उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को लेकर अधिक बिल आने के भ्रम में है.**

बिजली कंपनी के बैरसिया विद्युत सबस्टेशन प्रबंधक संघर्ष पाराशर ने गुरुवार को नवभारत को चर्चा में बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को सटीक बिलिंग मिलती है. साथ ही उपभोक्ता को बिजली की खपत के अनुसार दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट भी कंपनी दे रही है. प्रबंधक पाराशर का कहना है कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने और पारदर्शिता के लिए कंपनी ने स्मार्ट मीटर की शुरुआत की है. अभी तक 4 लाख 33 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं. स्मार्ट मीटर एक, फायदे अनेक, के नारे पर कंपनी काम कर रही है.



> **स्मार्ट मीटर भरोसेमंद ही नहीं, फायदेमंद भी है**
>
> ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने में मदद, ऊर्जा की बचत करने में उपयोगी, बिजली खपत की सटीक रीडिंग, एप के जरिये मोबाइल पर मिलेगा रियल - टाइम डेटा, ऊर्जा की खपत को ऑनलाइन ट्रैक करने की सुविधा, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक दिन की खपत पर 20 प्रतिशत की छूट, बिजली खपत को कंट्रोल करना आपके हाथ में, बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती है, लाखों उपभोक्ता उठा चुके हैं छूट का लाभ.

## अवनीश भार्गव प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नियुक्त



**बैरसिया, 20 नवंबर.** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक अध्यक्ष पद पर बैरसिया क्षेत्र के दिल्लोद निवासी अवनीश भार्गव को नियुक्त किया है. प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं इंदौर जिला प्रभारी अवनीश ने मिली जिम्मेदारी को निभाने और प्रदेश सेवादल कांग्रेस संगठन को गांवों, कस्बों, ब्लॉकों और जिला एवं प्रदेश स्तर पर मजबूत करने का भरोसा दिलाते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है. भार्गव को अनोखी मानसिंह पटेल, जयश्री हरिकरण, रमेश साहू, नरेंद्र शर्मा आदि ने बधाई दी है.



# 134 की आंखों की जांच 34 में मिला मोतियाबिंद

▶ सेवा सदन ने ग्राम रोंडिया में आयोजित किया नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**भोपाल, 20 नवंबर. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने बैरसिया तहसील के ग्राम रोंडिया में नि:शुल्क दृष्टि दोष, नेत्र रोग जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया. यह शिविर स्वर्गीय गुलाब देवी एवं स्वर्गीय बाबूलाल त्रिपाठी रोंडिया वालों की स्मृति में, उनके परिवार द्वारा आयोजित करवाया गया.**

शिविर का शुभारंभ त्रिपाठी परिवार के सदस्यों एवं सेवा सदन के ट्रस्टीगण ने देवी-देवताओं के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया. इस अवसर पर संतोष त्रिपाठी, दीपक त्रिपाठी, नर्मदा प्रसाद त्रिपाठी और नूतन त्रिपाठी, सेवा सदन के कन्सलटेंट कर्नल डॉ. मदन देशपांडे, ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी, तुलसी आडवाणी, कार्यपालन अधिकारी पुरुषोत्तम माहेश्वरी, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर अनुशा तिवारी पाठक उपस्थित थे. शिविर में कुल 138 लोगों ने अपनी आंखों की जाँच करवाई. उनमें 75 पुरुष एवं 59 महिलाएँ शामिल थीं. जांच के दौरान कुल 34 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हें सेवा सदन की एम्बुलेंस से संतनगर लाकर अस्पताल में भर्ती किया गया. जिन लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत नहीं पाई गई, उन्हें आंखों के ड्रॉप्स नि:शुल्क प्रदान किये गये. शिविर में उपस्थित सभी रोगियों की ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच भी की गई.

> इस अवसर पर कन्सलटेंट कर्नल डॉक्टर मदन देशपाण्डे ने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों में नि:शुल्क नेत्र रोग जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित करने से निर्धन रोगियों को मोतियाबिंद रोग से मुक्ति मिलेगी. उन्होंने कहा कि वर्तमान में जीवन शैली बदलने से अनेक लोग ब्लडप्रेशर और डायबिटीज जैसे रोगों से पीड़ित हो रहे हैं, ऐसे लोगों को समय समय पर अपनी आंखों की भी जांच करवाते रहना चाहिए.

# जनजातीय संस्कृति को सुचारू रूप से किया प्रदर्शित

**आशियान देशों के प्रतिनिधियों ने जनजातीय संग्रहालय देखकर कहा**

**भोपाल, 20 नवंबर. आसियान देशों के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, भोपाल का भ्रमण किया. उन्होंने संग्रहालय की सभी दीर्घाओं में प्रदर्शित शिल्पों, चित्र प्रदर्शनी, चिन्हारी शॉप व पुस्तकालय 'लिखन्दरा' का अवलोकन किया.**



उन्होंने संग्रहालय की दीर्घाओं में स्थापित हर एक प्रादर्श एवं उससे जुड़ी कथाओं की जानकारी प्राप्त की. यह भ्रमण मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में हुआ. प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जनजातीय संस्कृति को बहुत ही सुचारू रूप से प्रदर्शित किया गया है. इसके लिए भारत एवं प्रदेश के विभाग और कलाकारों को बधाई. अवलोकन के दौरान संग्रहाध्यक्ष अशोक मिश्र एवं अन्य उपस्थित रहे.

# अनुभूति शिविरों के लिए 46 मास्टर्स ट्रेनर को किया प्रशिक्षित

**भोपाल, 20 नवंबर. 'मैं भी बाघ', 'हम हैं बदलाव, 'हम हैं धरती के दूत'की थीम पर आधारित वन विभाग के फ्लैगशिप कार्यक्रम 'अनुभूति' का आयोजन 15 दिसंबरसे 31 जनवरी की अवधि में वन परिक्षेत्र स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है.**

प्रत्येक वन परिक्षेत्र के साथ राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य एवं बफर क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों को शिविर में शामिल किया जायेगा. वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 469 क्षेत्रीय एवं वन्य प्राणी वन परिक्षेत्रों में स्थित शासकीय विद्यालयों में (प्रति परिक्षेत्र 02 शिविर) 938 अनुभूति शिविरों का आयोजन किया जायेगा. प्रत्येक शिविर में 126 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे. अनुभूति कार्यक्रम का उद्देश्य देश के नागरिकों को वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाकर सहभागिता के लिये प्रेरित जाता है. अनुभूति शिविरों में विद्यार्थियों को विभाग एवं विभागीय अधिकारियों के कार्यों, उत्तरदायित्वों एवं चुनौतियों से विद्यार्थियों से भी अवगत कराया जाता है.

# मुसाफिर ने मानवीय संवेदनाओं की खोलीं परतें

▶ प्रशासन अकादमी में मुसाफिर नाटक का मंचन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 नवंबर. भूमिका नाट्य समूह द्वारा गुरुवार शाम प्रशासन अकादमी, शाहपुरा में नाटक मुसाफिर का मंचन किया गया. शाम छह बजे शुरू हुए इस प्रस्तुति का नाट्य विचार और निर्देशन गोपाल दुबे ने किया. दर्शकों से भरे सभागार में कलाकारों ने जीवन, यात्रा और मानवीय संवेदनाओं की गहराइयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया.**



नाटक की कथा रेल यात्रा के दौरान शुरू होती है, जहां एक डिब्बे में छह मुसाफिर मिलते हैं. अलग अलग स्वभाव और पृष्ठभूमि होने के बावजूद सफर के दौरान वे धीरे धीरे एक दूसरे से खुलते हैं और अपने सुख दुख साझा करने लगते हैं. आगरा जा रहा एक युवक, जिसे किताबें पहुंचानी हैं, उनसे एक खेल खेलने का सुझाव देता है. लेखक के नाम वाली चिट निकालकर एक एक मुसाफिर कहानी पढ़ता है और जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ती है वे स्वयं उन किरदारों में ढलते चले जाते हैं.

मंचन के दौरान कुल छह कहानियों को जीवंत किया गया. सबसे पहले गुलजार की कहानी दस पैसे और दादी प्रस्तुत की गई. इसके बाद अजातशत्रु का व्यंग्यात्मक अमृतसर दादर एक्सप्रेस में, चंद्रकांत बक्शी की कहानी वो एक शाम, भगवतीचरण वर्मा की कहानी खिलावन का नरक, पुन: गुलजार की रावी पार और अंत में आचार्य चतुरसेन की आवरागर्द को मंच पर रूपायित किया गया.

**होनहार विद्यार्थी** ▶ राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में दिल्ली के छात्रों ने किया नवाचार का प्रदर्शन

# भूकंप हो या बाढ़, उभयचर वाहन करेगा बचाव कार्य

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 नवम्बर. हमारे देश में होनहार विद्यार्थियों की कमी नहीं है, ऐसे ही देश के विभिन्न राज्यों से आए कई बाल वैज्ञानिक राजधानी भोपाल के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान श्यामला हिल्स में आयोजित राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में अपने नवाचार का प्रदर्शन कर रहे हैं. उनके नवाचार को देखकर लोग भी आश्चर्यचकित होने के साथ ही उनके विज्ञान मॉडलों की सराहना कर रहे हैं.**



प्रदर्शनी में 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें देश के विभिन्न राज्यों से आए कक्षा 10वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक मॉडल और शोध कार्य प्रस्तुत किए. प्रदर्शनी के आकर्षण का केंद्र बने 'उभयचर वाहन' का मॉडल बेल इंटरनेशनल स्कूल नई दिल्ली के कक्षा 10 के विद्यार्थी आदित्य शॉ और अग्रिम चावला ने तैयार किया है. यह विशेष वाहन प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप और बाढ़ की स्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकता है. इसमें लगा 360-डिग्री कैमरा प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी को बेहद आसान बनाता है. इसके माध्यम से ऊर्जा कैप्सूल और आवश्यक चिकित्सीय सहायता उन स्थानों तक पहुंचाई जा सकती है, जहां सामान्यत: पहुंचना मुश्किल होता है.

> **5 दिन में ही बचाई जा सकती है कई जिंदगियों को**
>
> इन होनहार विद्यार्थियों ने बताया कि जहां पारंपरिक रेस्क्यू ऑपरेशन को 10 दिन से अधिक समय लग जाता है, वहीं उनके इस मॉडल की मदद से केवल 5 दिन में ही महत्वपूर्ण सहायताएं पहुंचाकर कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है. हर प्रकार की मिट्टी, पानी और उबड़-खाबड़ भूमि पर चलने योग्य यह उभयचर वाहन एआई-आधारित मैपिंग के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में संभावित बीमारियों और समस्याओं का पता लगाकर समय रहते रोकथाम के उपाय करने में भी सक्षम है. छात्र आदित्य और अग्रिम ने अपनी गाइड शिक्षिका वीना खन्ना का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने यह विज्ञान मॉडल बनाया.

# प्रदर्शनी में देखने को मिलेंगी दुर्लभ डाक टिकटें

▶ 14वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी 'मेपेक्स 2025' आज से

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 नवम्बर. भारतीय डाक विभाग द्वारा मेपेक्स 2025 का आयोजन किया जा रहा है. इस 14 वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन 20 से 23 नवम्बर तक किया जा रहा है.**



यह जानकारी गुरुवार को प्रेसवार्ता में मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर ने साझा की. उन्होंने बताया कि यह आयोजन टीटी नगर स्थित सुभाष यादव भवन में किया जा रहा है. जिसमें शुभारम्भ सांसद आलोक शर्मा द्वारा किया जायेगा. प्रदर्शनी के पहले दिन पत्र लेखन, नृत्य प्रतियोगिता, अपनी फोटो वाला डाक टिकट बनवाने का अवसर, पोस्टकार्ड डिजाईन कार्यशाला जैसी कई गतिविधियां होंगी. यह प्रदर्शनी फिलाटेली प्रेमियों, विद्यार्थियों और समस्त नागरिकों के लिए ज्ञानवर्धक और मनोरंजक आकर्षणों से भरपूर होगी. प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक समस्त नागरिकों के लिए निशुल्क खुली रहेगी. वहीं मेपेक्स 2025 के समापन के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग शामिल होंगे. प्रेसवार्ता में मेपेक्स के उद्देश्य बताते हुए पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर ने कहा कि प्रदर्शनी का मुख्य विषय 'भारत की विज्ञान यात्रा तथा आत्मनिर्भर भारत' है.